पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देने हेतु स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन में ODOP धातु उद्योग के उद्यमियों एवं निर्यातकों के साथ परामर्श बैठक आयोजित

**लखनऊ : 04 अगस्त, 2026**

उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन द्वारा दिनांक 04 अगस्त 2026 को योजना भवन, लखनऊ में ODOP धातु उद्योग (Metal Industry) से संबंधित उद्यमियों एवं निर्यातकों के साथ एक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह ने की।

बैठक में प्रमुख सचिव, MSME, श्री शशि भूषण लाल सुशील (IAS) तथा पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव श्री जग प्रवेश (IAS) उपस्थित रहे। बैठक में जॉइंट सेक्रेटरी श्री अवनेन्द्र कुमार शुक्ल तथा श्री प्रवीण कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी उपस्थित रहे।

बैठक में मुरादाबाद, अमरोहा, एटा, अलीगढ़, मिर्जापुर एवं महोबा सहित विभिन्न जनपदों से आए लगभग 30 उद्यमियों एवं निर्यातकों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य धातु उद्योग के समक्ष विद्यमान चुनौतियों, निर्यात संवर्धन की संभावनाओं तथा उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में इस क्षेत्र के योगदान को और सुदृढ़ करने हेतु सुझाव प्राप्त करना था। इस दौरान मुरादाबाद के लगभग ₹8,000 करोड़ तथा अलीगढ़ के लगभग ₹2,500 करोड़ के वर्तमान निर्यात को और बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उद्यमियों एवं निर्यातकों ने कच्चे माल की उपलब्धता, निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता प्रमाणन, लॉजिस्टिक्स, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, विपणन तथा अन्य प्रशासनिक एवं नीतिगत विषयों से संबंधित अपनी समस्याओं एवं सुझावों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों एवं समस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनके यथासंभव समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन उद्योग जगत एवं शासन के मध्य एक प्रभावी सेतु के रूप

में कार्य करते हुए उद्योगों के विकास एवं निर्यात संवर्धन के लिए आवश्यक नीति सुझाव उपलब्ध कराता रहेगा।

बैठक में प्रतिभागियों से "ODOP One Marketplace" की अवधारणा पर भी विचार आमंत्रित किए गए। इस संबंध में प्राप्त सुझावों का उपयोग प्रदेश में एक समेकित विपणन एवं प्रदर्शनी मंच विकसित करने की दिशा में किया जाएगा, जिससे ODOP उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सस्टेनेबिलिटी सेल के प्रोग्राम डायरेक्टर श्री अखिलेश गौतम सहित श्री मयंक तिवारी, श्री अभिषेक दत्ता एवं श्री सादिक रज़ा भी उपस्थित रहे।

बैठक का समापन प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस विश्वास के साथ हुआ कि उद्योग जगत एवं शासन के मध्य इस प्रकार का सतत संवाद उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं निर्यात विकास को नई गति प्रदान करेगा।

---

**सम्पर्क सूत्र– आशिया खातून**

राघवेन्द्र / 06:30 PM